प्रकीर्ण वाद संख्या १०/२०२१ (एम.ए.सी.पी. सं.३६३/२०१९)
श्रीमती रजनी आदि बनाम महेन्द्र सिंह आदि
१२.०१.२०२१

३बी प्रार्थनापत्र प्रार्थीगण/याचीगण श्रीमती रजनी, रिषभ नाबालिग जरिए माँ एवं प्राकृतिक संरक्षिका श्रीमती रजनी एवं नरेन्द्र पाल सिंह, श्रीमती ऊषा देवी व राम कुमार द्वारा इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि प्रस्तुत याचिका में न्यायाधिकरण द्वारा दिनाँक १२.१२.२०२० को **राष्ट्रीय लोक अदालत** में राजीनामा के आधार पर क्षतिपूर्ति ₹ ९,००,००० हेतु एवार्ड पारित किया गया था। न्यायाधिकरण के उक्त आदेश के अनुपालन में विपक्षी बीमा कम्पनी ने उक्त धनराशि न्यायाधिकरण के पंजाब नेशनल बैंक शाखा झोकनबाग, झाँसी में स्थानान्तरित कर दिये हैं, जिसका यू.टी.आर. नं. AXISP00169630864 है। अतः प्रार्थीगण ने प्रकरण में जमाशुदा उक्त प्रतिकर धनराशि उन्हें दिलाये जाने की याचना की है। समर्थन में प्रार्थीगण ने प्रार्थिया श्रीमती रजनी का शपथपत्र, अपने-अपने आधार कार्ड, बैंक खाते की पासबुक की छाया प्रतियाँ दाखिल की गईं हैं।

प्रार्थीगण न्यायाधिकरण के समक्ष मय विद्वान अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित आये। प्रार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता को सुना गया तथा प्रस्तुत प्रकीर्ण वाद एवं एम.ए.सी.पी. सं. ३६३/२०१९ श्रीमती रजनी आदि बनाम महेन्द्र सिंह आदि की पत्रावलियों व कार्यालय आख्या का अवलोकन किया। कार्यालय आख्या के अनुसार बीमा कम्पनी की ओर से प्रस्तुत दस्तावेज एवं चेक रजिस्टर में इन्द्राज के अनुसार यू टी आर नं. AXISP00169630864 द्वारा दिनाँक २९.१२.२०२० को ₹ ९,००,००० न्यायाधिकरण के पंजाब नेशनल बैंक शाखा झोकनबाग, झाँसी में जमा होने का इन्द्राज है। मूल पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि प्रस्तुत प्रकरण में न्यायाधिकरण द्वारा दिनाँक १२.१२.२०२० को **राष्ट्रीय लोक अदालत** में सुलहनामा के आधार पर **₹ ९,००,०००** का एवार्ड पारित किया गया था, जो प्रतिकर की धनराशि याचीगण सं. १ लगायत ५ को क्रमशः ४०, ३०, १०, १५, ५ प्रतिशत भाग प्राप्त होनी है। याची सं. ५ को प्राप्त होने वाली प्रतिकर की धनराशि उसे आर.टी.जी. एस./नेफ्ट के जरिए अपने बैंक खाते में नकद प्राप्त होनी है तथा याची सं. १ को प्राप्त होने वाली प्रतिकर धनराशि में से ७५ प्रतिशत भाग की ५ वर्ष के लिए एन्युटी बनाई जानी है एवं २५ प्रतिशत भाग उसे आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के जरिए अपने बैंक खाते में नकद प्राप्त होनी है। याची सं. ३ व ४ को प्राप्त होने वाली प्रतिकर की धनराशि के ७५ प्रतिशत भाग की धनराशि की ३-३ वर्ष के लिए एन्युटी बनाई जानी है व २५ प्रतिशत भाग प्रत्येक आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के जिए अपने बैंक खाते में नकद प्राप्त होनी है। याची सं. २ रिषभ अवयस्क को प्राप्त होने वाली प्रतिकर धनराशि के ५० प्रतिशत भाग की १० वर्ष के लिए एन्युटी जरिए माँ एवं प्राकृतिक संरक्षिका श्रीमती रजनी देवी बनाई जानी है व ५० प्रतिशत भाग उसके नाम उसकी वयस्कता तक के लिए किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की सर्वोच्च दर देने वाली सावधि जमा योजना में निवेशित की जावेगी, जिसकी समस्त धनराशि वह वयस्क होने पर प्राप्त कर सकेगा। प्रार्थिया श्रीमती रजनी द्वारा अपने शपथपत्र में अपने प्रार्थनापत्र के कथनों का समर्थन किया है तथा यह भी कथन किया है कि न्यायाधिकरण के उक्त आदेश के विरूद्ध कोई अपील माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन नहीं है न ही कोई स्थगन आदेश है। प्रार्थीगण ने अपने बैंक खाते की पासबुक की छाया प्रतियॉ दाखिल की गई है। अतः मेरे विचार से प्रार्थीगण प्रकरण में जमाशुदा प्रतिकर धनराशि न्यायाधिकरण के उक्त आदेशानुसार वर्णित एन्युटी, एफ.डी.आर. एवं आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से अपने बैंक खाते में नकद प्राप्त करने के अधिकारी हैं।

आदेश

पंजाब नेशनल बैंक शाखा झोकनबाग, झाँसी को आदेशित किया जाता है कि वह एम.ए.सी.पी. सं.३६३/ २०१९ (प्रकीर्ण वाद सं. १०/२०२१ श्रीमती रजनी आदि बनाम महेन्द्र सिंह आदि) के प्रकरण में जमाशुदा धनराशि मय ब्याज प्रार्थीगण को निम्न सारिणी के अनुसार भुगतान कर दें:-

Applicant/ Petitioner	Amount in ₹	+(%of) Interest Accrued on Deposited	Mode of Disbursment	Bank Account Number	Bank	IFSC Code

Digitally signed by CHANDRODAY KUMAR
Date: 2021.01.12 16:55:38 IST
Reason: PO
Location: MACT JHANSI

		Amount				
1. Smt. Rajni	270000	30	Annuity For 5 Years	___	Any Nationalized Bank	____
1. Smt. Rajni	90000	10	Elect. Mode RTGS/NEFT	92352010011430	Syndicate Bank Govind Chauraha Jhansi	SYNB0009235
2. Rishabh (Minor)	135000	15	Annuity For 10 years through natural guardian/ mother Smt. Rajni	___	Any Nationalized Bank	____
2. Rishabh (Minor)	135000	15	FD carrying highest interest up to his majority through natural guardian/ mother Smt. Rajni	___	Any Nationalized Bank	____
3. Narendra pal singh	67500	7.5	Annuity for 3 years	___	Any Nationalized Bank	____
3. Narendra Pal singh	22500	2.5	Elect. Mode RTGS/NEFT	7280000100073372	PNB Moth, Jhansi	PUNB0728000
4.Smt. Usha Devi	101250	11.25	Annuity for 3 years	___	Any Nationalized Bank	____
4.Smt. Usha Devi	33750	3.75	Elect. Mode RTGS/NEFT	5331101004023	Canara Bank Branch Moth, Jhansi	CNRB0005331
5.Ram Kumar Singh	45000	5	Elect. Mode RTGS/NEFT	7280000100008239	PNB Moth, Jhansi	PUNB0728000
Total	900000	100				

तदनुसार अनुपालन आख्या तत्काल जरिये ई-मेल एवं वाट्सएप न्यायाधिकण को प्रेषित की जाय। ३बी प्रार्थनापत्र तदनुसार निस्तारित। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(चंद्रोदय कुमार)
पी.ओ., एम.एस.सी.टी., झाँसी।